19- FEB- COR- MAIN- Pg- 10 RAJDHANI_Layout 1 2/19/2025 10:27 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि पर अखंड रामायण पाठ 25 से

**रायपुर**। महाशिवरात्रि के अवसर पर राजीव नगर कॉलोनी में तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम भारत गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी महाशिवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम संचालक रोहित सिंघानिया ने देते हुए बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत 25 फरवरी को अखंड रामायण पाठ होगा। दूसरे दिन 26 फरवरी को जल, दुग्ध अभिषेक एवं रुद्री पाठ आरती, पूजा-अर्चना, भोग, विशेष श्रृंगार एवं महाआरती की जाएगी। तीसरे दिन 27 फरवरी को सुबह 11 बजे हवन कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम स्व. जीवनलाल सिंघानिया की स्मृति में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सिंघानिया परिवार सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल होंगे।

### मायाराम सुरजन हॉल में संगीतमय कार्यक्रम 22 को

**रायपुर**। आरकेएम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा 22 फरवरी को एक शाम साउथ के अनमोल रत्नों के नाम की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। यह कार्यक्रम बीजेपी कार्यालय के पास रजबंधा मैदान मौदहापारा स्थित मायाराम सुरजन हॉल में शाम 6 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में सभी संगीत प्रेमियों को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि इस संगीतमय कार्यक्रम में दक्षिण भारत के विश्व प्रसिद्ध गायक केजे येसुदास, हरिहरन, एसपी बालासुब्रमण्यम के कर्णप्रिय गीतों को पेश किया जाएगा।

### शिविर में कर्मचारियों ने किया रक्तदान

**रायपुर**। यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय ने अपना 88वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गय। इस अवसर पर मंगलवार को नारा लेखन स्पर्धा और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। साथ ही रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के सहयोग से क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में एक रक्तदान शिविर भी लगाया गया। शिविर में रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय एवं रायपुर स्थित अन्य कार्यालयों के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान किया। इस अवसर पर हरीन्द्र सिंह, दिलीप कुमार बेहेरा सहित रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय एवं अन्य कार्यालयों के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### ट्रक ड्राइवर पर जानलेवा हमला कर 10 हजार की लूट

रायपुर। तिल्दा में माल खाली कर लौट रहे एक ट्रक ड्राइवर के सिर पर रॉड से जानलेवा हमला कर अज्ञात बदमाशों ने नकदी 10 हजार रुपए के साथ मोबाइल लूट लिया। घटना धरसींवा थाना क्षेत्र के किरना कुथरेल गांव के पास की है। बदमाशों ने मंगलवार-बुधवार देर रात ट्रक ड्राइवर के साथ लूट की है। बदमाशों को पकड़ने पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल कर रही है। मूलतः बिहार, वैशाली नगर निवासी सूरज कुमार राय ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। सूरज ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह तिल्दा से माल खाली कर आ रहा था। इस दौरान रेलवे फाटक बंद होने की वजह से वह दूसरे रास्ते से रायपुर की ओर आ रहा था। रात ज्यादा होने की वजह से सूनसान इलाके में सूरज ट्रक पार्क कर सो गया।

# जशपुर-सूरजपुर और सरगुजा में जिला पंचायत सदस्य चुनाव में भाजपा हारी

## जशपुर जिले में भाजपा का नहीं खुला खाता, मंत्री श्याम बिहारी और राजवाड़े के क्षेत्र में भाजपा साफ

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत सदस्यों के लिए पहले चरण के मतदान के नतीजे आ गए हैं। जिला पंचायत सदस्यों के लिए प्रथम चरण के निर्वाचन में जशपुर और सूरजपुर में प्रथम चरण में 9 जिला पंचायत क्षेत्रों में चुनाव हुआ, इसमें बीजेपी का कहीं भी खाता नहीं खुला। सरगुजा में 7 जिला पंचायत क्षेत्रों में चुनाव था, यहां कांग्रेस चार पर जीत हासिल कर चुकी है, जबकि बीजेपी ने 2 जीता है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गृह जिले जशपुर में जिला पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में बीजेपी का खाता ही नहीं खुल पाया है। तीन जिला पंचायत क्षेत्रों में से दो पर कांग्रेस प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है, जबकि एक पर बीजेपी के बागी ने जीत दर्ज की है। कांग्रेस से आशिका कुजूर और मोनिका टोप्पो और निर्दलीय गेंदबिहारी सिंह ने जीत दर्ज की है। जशपुर जिले के बगीचा इलाक़े के मंडल अध्यक्ष हरीश पंच का चुनाव लड़ रहे थे, 17 वोट पाकर हार गए।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के क्षेत्र मनेंद्रगढ़ और खड़गवां में जिला पंचायत की सीटें कांग्रेस के पक्ष में गई हैं। कांग्रेस समर्थित ममता सिंह और प्रिया मसराम ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से जीत दर्ज की है। वहीं क्षेत्र क्रमांक 10 से भाजपा की सोनमति सिंह को हार का सामना करना पड़ा। वहीं महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के क्षेत्र प्रेम नगर और भटगांव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा।

सरगुजा में भी कांग्रेस को प्रथम चरण में बढ़त है। सरगुजा में सात जिला पंचायत सीटों पर चुनाव था, इन सात में से चार पर कांग्रेस, जबकि दो पर बीजेपी जीती है। एक अन्य सीट पर भी बीजेपी ने जीत का दावा किया है, लेकिन कांग्रेस ने दावे को ख़ारिज किया है और प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कलेक्टर को शिकायत करने की बात कही है। यहां ये कांग्रेस समर्थित अनिमा केरकेट्टा करीब 6 हजार मतों से चुनाव में जीत गई हैं। यहां भाजपा समर्थित प्रत्याशी फुलेश्वरी सिंह चौथे स्थान पर रहीं। लखनपुर-1 से कांग्रेस समर्थित मोनिका पैकरा, कांग्रेस समर्थित राधा रवि ने जीत दर्ज की है। उदयपुर की दोनों सीटों पर सहमति नहीं बनने के कारण कांग्रेस ने अधिकृत प्रत्याशी घोषित नहीं किया था। सरगुजा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 से निर्दलीय रमुनिया देवी जीती हैं, वे कांग्रेस विचारधारा की हैं।

### सूरजपुर में बीजेपी का सूपड़ा साफ

सूरजपुर में जिला पंचायत के 6 क्षेत्रों में चुनाव हुए हैं। सभी सीटों पर बीजेपी के प्रत्याशी हार गए हैं। चार में कांग्रेस जीती है, जबकि दो पर बीजेपी के बाग़ियों ने जीत दर्ज की है। सूरजपुर में हुए प्रथम चरण के चुनाव में कांग्रेस से योगेश्वरी लक्ष्मण राजवाड़े, कलेश्वरी कुर्रे, नरेंद्र यादव और अखिलेश प्रताप सिंह ने जीत दर्ज की है, जबकि निर्दलीय गिरीश गुप्ता और किरण केराम ने जीत हासिल की है।


## एटीएस की टीम ने भगोड़ा शेख अली की गिरफ्तरी के लिए नागपुर के साथ कोलकाता में की छापेमारी

# बांग्लादेशी घुसपैठिए मामले में एटीएस ने निगम तहसील, जिला निर्वाचन से मांगी जानकारी

## घुसपैठियों की मदद करने में कई और लोगों के शामिल होने की आशंका, दो दर्जन से ज्यादा लोगों से पूछताछ

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

मुंबई तथा रायपुर एटीएस ने जिन तीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को फर्जी दस्तावेज के माध्यम से वीजा हासिल कर इराक भागते पिछले महीने मुंबई से गिरफ्तार किया है, उन तीनों के मददगारों की एटीएस के साथ पुलिस की टीम पतासाजी कर रही है। फर्जी दस्तावेज बनाने में मदद करने वालों की पहचान करने एटीएस की टीम ने तहसील के साथ नगर निगम तथा जिला निर्वाचन कार्यालय को पत्र लिखा है। पंचायत तथा स्थानीय निकाय चुनाव होने की वजह से एटीएस को चाही गई जानकारी अब तक नहीं मिल पाई है।



एटीएस के अफसरों ने पत्र लिखे जाने की पुष्टि की है। एटीएस के अफसरों के अनुसार बांग्लादेशी घुसपैठिये शेख इस्माइल, शेख अकबर तथा शेख साजन के लिए वोटर आईडी कार्ड बनाने किसने उनको जानने का प्रूफ के लिए हस्ताक्षर किए थे, एटीएस इसकी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है। साथ ही तीनों के आधार कार्ड बनाने जिसने मदद की थी, उनमें से एक मददगार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस तथा एटीएस को गिरोह में कई और लोगों के शामिल होने की आशंका है।

तीनों बांग्लादेशी घुसपैठियों के पकड़े जाने के बाद शेख अली अपनी पहली तथा दूसरी पत्नी के साथ फरार है। शेख अली की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी किया है। शेख अली की गिरफ्तारी के लिए पुलिस तथा एटीएस की टीम पिछले कई दिनों से नागपुर तथा कोलकाता में छापे की कार्रवाई कर रही है। बावजूद इसके शेख अली अब तक पुलिस पकड़ से बाहर है। पूर्व में बांग्लादेशी घुसपैठिये रायपुर के जिन इलाकों में रहे हैं, उन इलाकों में जहां बांग्लादेशी घुसपैठिये किराए से रहे हैं, उन मकानों के मालिक के साथ ही तीनों बांग्लादेशी घुसपैठियों से संपर्क रखने वालों से पुलिस तथा एटीएस की टीम ने पूछताछ की है। इसके साथ ही आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड, शपथ पत्र बनावाने में जिन पर मदद करने का संदेह है, उन लोगों से पूछताछ की गई है।

एटीएस को जानकारी मिली है उसके मुताबिक तीनों बांग्लादेशी घुसपैठियों ने नगर निगम में शपथ पत्र देकर अपना जन्म प्रमाण पत्र बनवाने कोशिश की थी, लेकिन दस्तावेज पूर्ण नहीं होने की वजह से तीनों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पाया। इसके बाद तीनों ने वर्ष 2017-18 में अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाया। वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के पूर्व तीनों का राशन कार्ड बना। तीनों का वोटर आईडी कार्ड 21 अक्टूबर 2018 को लक्ष्मीनगर, लालपुर मकान नंबर 193 के पते से बना है।

### पिछले वर्ष मुंबई एटीएस ने मारे थे छापे

बांग्लादेशी घुसपैठियों के यहां होने की पुख्ता सूचना पर पिछले वर्ष मुंबई एटीएस ने टिकरापारा, संजय नगर में छापे की कार्रवाई की थी और एक युवक से पूछताछ की थी। एटीएस ने जिस बांग्लादेशी युवक को लेकर छापे की कार्रवाई की थी, उसके बारे में एटीएस को जानकारी मिली थी कि वह युवक रायपुर के रास्ते हज करने के बहाने सिरिया गया है, जो अब तक नहीं लौटा है।

# रायपुर के चिकित्सा शिक्षकों ने ली बिलासपुर, अंबिकापुर सहित सात मेडिकल कालेज की ऑनलाइन क्लास

## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में टेली-क्लासेस की शुरुआत

## एचआईवी की संरचना और संक्रमण पर डा. नेरल ने दिया लेक्चर

हरिभूमि न्यूज: रायपुर



पंडित जेएन शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के चिकित्सा शिक्षकों ने बिलासपुर, अंबिकापुर, राजनांदगांव सहित सात शासकीय कालेजों के छात्रों को पाठ पढ़ाया। बुधवार को रायपुर से शासकीय मेडिकल कालेज में टेली-क्लासेस की शुरुआत की गई। पहला व्याख्यान डा. अरविंद नेरल ने एचआईवी की संरचना और संक्रमण के फैलाव पर दी।

रायपुर मेडिकल कालेज में विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा देने के लिए एक अभिनव प्रयास किया गया है। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने कहा कि यह हमने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस तरह की टेली-क्लासेस से छत्तीसगढ़ राज्य के सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से एक साथ व्याख्यान प्रस्तुत किये जा सकेंगे। इससे उन महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा, जहां अनुभवी चिकित्सा शिक्षकों की कमी है। आयुक्त चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल के दिशा-निर्देश पर यह सुविधा विकसित की गई है। इसके लिए महाविद्यालय के व्याख्यान कक्ष कं. 02 का ऑनलाईन विडियो कॉन्फ्रेसिंग तकनीक के लिये सभी आधुनिक ऑडियो-विजुएल उपकरणों से सुसज्जित किया गया है। पहले दिन इसका जीवंत प्रसारण द्वितीय वर्ष के एमबीबीएस के विद्यार्थियों के लिए किया गया। इसमें बिलासपुर, अम्बिकापुर, महासमुंद, दुर्ग, राजनांदगांव, कांकेर एवं कोरबा महाविद्यालयों से विद्यार्थियों के अलावा अधिष्ठाताओं व शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। डा. नेरल ने बताया कि मार्च से ऐसे व्याख्यान नियमित रूप से फाईनल ईयर के एमबीबीएस विद्यार्थियों के लिये आयोजित किये जायेंगे। इसकी विस्तृत विषयवार समय सारणी ली गई है, जिसे सभी चिकित्सा महाविद्यालयों को प्रेषित किया जायेगा।

### प्रमुख भूमिका निभाने वाले सम्मानित


इस सुविधा की शुरुआत के लिए फिजियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुमीत त्रिपाठी ने मुख्य रूप से सक्रियता दिखाई है। इसके लिए रितु कौशिक और ताराचंद पौषार्य का भी उल्लेखनीय सहयोग रहा है। अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी द्वारा इस कार्य के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राजनांदगांव चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. पीके लुका और सिम्स बिलासपुर से डॉ. सुपर्णा गांगुली ने इस आधुनिक सुविधा की सराहना की ।

# दो सड़कें घटिया, सड्डु और दलदल सिवनी में निर्माण में दो अफसर सस्पेंड

## 20 दिन में उखड़ने लगी सड़क, शिकायत के बाद आयुक्त ने निगम के 2 अधिकारियों को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज : रायपुर।

नगर निगम जोन 9 कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में सड्डु बाजार कैपिटल सिटी फेज 2 के अंतर्गत सीसी रोड निर्माण में गुणवत्ता हीन कार्य के कारण मात्र 20 दिन में सड़क उखड़ गई। इसी तरह नाली निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने पर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने उप अभियंता रुचि साहू और उप अभियंता जयनंदन डहरया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही 3 अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश दिये हैं।





दरअसल, जोन 9 क्षेत्र के सड्डु और दलदल सिवनी इलाके में सीसी रोड निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ है। निर्माण के 20 दिन बाद कंक्रीट की सउक़ उखड़ने लगी। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। जन शिकायत के बाद निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने इस मामले को संज्ञान में लिया और सड़क व नाली निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराई। कार्य में लापरवाही बरतने पर उप अभियंता रुचि साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। कार्य की अनुमानित लागत राशि 41 लाख रुपये निविदा के बाद कार्य की स्वीकृति 32 लाख 47 हजार 110 रुपये का कार्य ठेकेदार से कराया गया। निर्माण कार्य गुणवत्ता हीन है, सड़क पर पानी डालने से सीमेंट धूल उड़ रही है। रेती व गिट्टी बाहर दिख रही है। जो प्रथम दृष्टतया गुणवत्ताहीन पाये जाने के स्पष्ट प्रमाण हैं।

उप अभियंता के मार्गदर्शन में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की जिम्मेदारी थी, पर उप अभियंता ने संबंधित कार्य में लापरवाही बरती और कार्य को अपने पर्यवेक्षण में गुणवत्ता पूर्वक कराने में असफल रहीं। यही नहीं, समय पर निरीक्षण नहीं करने से निगम आयुक्त ने उप अभियंता को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियम अनुसार निलंबन भत्ता देय होगा। उस अवधि में उनका कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग मुख्यालय रहेगा।

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने इसी प्रकार आदेश जारी कर जोन 9 के भीमराव आंबेडकर वार्ड की दुबे कालोनी में लोकेश राजपूत के घर से अमित टोप्पो के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य की अनुमानित लागत राशि 19 लाख 85 हजार निविदा के बाद कार्य ठेकेदार से कराया गया। निर्माण कार्य गुणवत्ता हीन है, सड़क पर पानी डालने से सीमेंट, धूल उड़ रही है, रेती व गिट्टी बाहर दिख रही है। 15 दिन के भीतर पूरी सड़क उखड़ गई। यह प्रथम दृष्टतया गुणवत्ताहीन कार्य के स्पष्ट प्रमाण हैं। उप अभियंता ने यह कार्य कराने में लापरवाही बरती। इसके चलते उप अभियंता जयनंदन डहरिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# 7 प्राध्यापक अपलोड नहीं कर सके अपनी फोटो, इनके लिए पीएससी फिर करवाएगा दस्तावेज सत्यापन

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राध्यापकों की भर्ती करने छग लोक सेवा आयोग के पसीने छूट रहे हैं। दस्तावेज सत्यापन के लिए कई बार तारीख बदलने के बाद अब पीएससी ने 7 प्राध्यापकों के लिए दोबारा दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया प्रारंभ करने अधिसूचना जारी की है। ये वे प्राध्यापक हैं, जिन्होंने 2021 में 13 सितंबर से 12 अक्टूबर तक आवेदन किया था, लेकिन त्रुटि सुधार अविध में ऑनलाइन आवेदन में वांछित प्रविष्टियां करके नवीन फोटो और हस्ताक्षर अपलोड नहीं किए थे। इसके कारण इन्हें पीएससी के दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया था।

दस्तावेज सत्यापन में शामिल नहीं किए गए अभ्यर्थियों ने खत लिखकर आयोग से स्वयं को प्रक्रिया में शामिल करने की मांग की थी। आवेदनों पर विचार करते हुए पीएससी ने ऐसे अभ्यर्थियों से बीते वर्ष 21 से 27 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन मांगे थे। अब इन आवेदनों के आधार पर प्राध्यापकों को दोबारा दस्तावेज सत्यापन के लिए आमंत्रित किया गया है।









# विजय जुलूस से परेशान एकेडमी संचालक ने एयरगन से की फायरिंग

**रायपुर**। सरस्वती नगर थाना क्षेत्र के कोटा में मंगलवार देर रात एयरगन से फायरिंग की घटना में एक कांग्रेसी कार्यकर्ता घायल हो गया। फायरिंग की वजह पार्षद चुनाव में जीत की खुशी में निकाला गया विजय जुलूस है। विजय जुलूस के शोरगुल से परेशान होकर ओशियन डिफेंस एकेडमी के संचालक नंदकिशोर ने एयरगन से फायरिंग कर दी। घटना के बाद आक्रोषित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकेडमी में जमकर पथराव करने के साथ हंगामा किया। घटना के बाद पुलिस ने एकेडमी संचालक को हिरासत में लिया है।

शहीद मनमोहन बख्शी वार्ड- 23 में कांग्रेस प्रत्याशी रोनिता प्रकाश की जीत की खुशी में कार्यकर्ताओं ने ढोल, नगाड़ों के साथ विजय जुलूस निकाला। इस दौरान ढोल, नगाड़ों से परेशान होकर एकेडमी संचालक ने एयरगन से फायरिंग कर दी। एयरगन की फायरिंग से निकला एक छर्रा भूपेश चंद्राकर की कमर में लगा। छर्रा लगने से कमर के पास मांस फट गया, जिसे उपचार के लिए एम्स ले जाया गया। उपचार के बाद भूपेश को देर रात अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घटना से गुस्साए कार्यकर्ताओं ने ओशियन एकेडमी पर पथराव किया। पथराव से एकेडमी की खिड़कियों और दीवारों को नुकसान पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं को शांत कराने के साथ ही एयरगन से फायरिंग करने के आरोप में एकेडमी के संचालक को हिरासत में लेकर थाने पहुंची। पुलिस मामले की पड़ताल करने के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।





हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com